# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज केजीएमयू के 120वें स्थापना दिवस समारोह में की शिरकत : अत्याधुनिक मशीनों और लैब के लिए स्वीकृत किये 300 करोड़ रुपये।
2. मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर में सात दूध कोल्ड स्टोरेज का किया लोकार्पण : सात हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को जारी किये 242 करोड़ रूपय।
3. प्रदेश के 13 सौ 31 परीक्षा केन्द्रों पर कल होगी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा : नकल रोकने के लिये सुरक्षा के किये गये पुख्ता इंतजाम।

और

4. उत्तर प्रदेश को वन क्षेत्र बढ़ाने में देश में मिला दूसरा स्थान : मुख्यमंत्री ने उपलब्धि को बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का प्रतिफल।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के 120वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सक का व्यवहार ठीक होता है तो नर्सिंग और पैरामेडिकल का व्यवहार अपने आप ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक मशीनों और लैब के लिए तीन सौ करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसके अलावा 3 सौ 77 करोड़ रुपये से सर्जरी डिपार्टमेंट की एक नई बिल्डिंग भी स्वीकृत की है। बाइट..

*प्रदेश सरकार ने आपको जो पैसा अभी तीन सौ करोड़ रूपये यहा के लिए स्वीकृत किये हैं जिसमे हाइब्रिड ओ टी, रोबोटिक सर्जरी का सिस्टम लगाने, न्यूरो नेवीगेशन सिस्टम, माइक्रो स्कोप फॉर सुपर माइक्रो सर्जरी के लिए दो कार्डियेक, कैथे लाइपेशन लैब के लिए ये सभी धनराशि आपको यहां पर उपलब्ध करवा कर ही साथ–साथ 377 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि सर्जरी पिार्टमेंट ने एक नई बिल्डिंग के लिए भी आपको डिपार्टमेंट बनाने के लिए भी इसके लिये धनराशि स्वीकृति की है।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था के सात दुग्ध अवशीतन गृहों का लोकार्पण तथा सात हजार 405 स्वयं सहायता समूहों को 242 करोड़ रूपये से अधिक की सहायता राशि का हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि

**स्वतंत्र भारत में पहली बार मातृशक्ति ने अनुभव किया है कि योजनाएं उनके नाम पर भी आ सकती हैं।**

**बाइट–सीएम...**

*पहली बार स्वतंत्र भारत में मातृ शक्ति ने इस बात का अनुभव किया है कि योजनाएं उनके नाम पर भी आ सकती हैं और उनका लाभ सीधे उनको प्राप्त हो सकता है। चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत, हर घर में बनने वाला शौचालय हो, वह स्वच्छता का प्रतीक है, नारी गरिमा का प्रतीक है। हर घर को मिलने वाला रसोई घर का सिलेन्डर हो यह भी नारी सम्मान का, नारी सशक्तिकरण का भी उनको समर्थ बनाने का अभियान है।*

———————————

**सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2024 यानी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा कल प्रदेश के 75 जनपदों में कुल 1331 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सम्बोधित किया और परीक्षा को नकलविहीन कराने के निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट..**

*उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा रविवार को दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और द्वितीय सत्र की परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक होगी। परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को अपने ओ०टी०आर० नम्बर के द्वारा प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, दो फोटो और आई०डी०प्रूफ की मूल एवं छाया प्रति लेकर प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों*

*को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से एक घंटा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

**अमरोहा में कल होने वाली पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए कंटोल रूम बनाया गया है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने आज समीक्षा बैठक की।**

**वहीं मऊ और कुशीनगर में जिलाधिकारी और एसपी ने आज परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया। लोक सेवा आयोग द्वारा महोबा जिले में पहली बार पीसीएस की परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने बताया कि जिले में बनाए गए 10 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 4128 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।**

———————

**यूपी बोर्ड द्वारा इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। ये परीक्षाएं 23 जनवरी से शुरु हो कर आठ फरवरी तक चलेंगी। पहले चरण में 23 से 31 जनवरी तक आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, देवीपाटन और बस्ती मंडल में परीक्षा करायी जाएगी। इसी तरह दूसरे चरण में एक से आठ फरवरी तक अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी और गोरखपुर मंडल के जनपदों में परीक्षा होगी।**

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भारत वन स्थिति–रिपोर्ट 2023 के अनुसार उत्तर प्रदेश में वन और वृक्ष आच्छादन में 559 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है। यह रिपोर्ट आज केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जारी की है। वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में उत्तर प्रदेश ने देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश वासियों को बधाई दी है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान का प्रतिफल बताया।

——————————

केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज मिर्ज़ापुर के राजकीय पौधशाला में एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय तीन दिवसीय किसान मेला और प्रदर्शनी का उदघाटन किया। साथ ही उन्होंने दिशा बैठक की समीक्षा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत में

जब तक किसान आत्मनिर्भर नहीं हो जायेंगे तब तक विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी से जनपद के किसान लाभान्वित होंगे। बाइट–

*कृषि मेला का आयोजन किया गया है, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है और मुझे प्रसन्नता है कि जो हमारे जनपद के किसान हैं उसमें बढ़–चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं। तीन दिन तक यह चलेगा, उसमें शासन द्वारा जितनी भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं उसके बारे में हमारे किसान भाई जाने और इसका लाभ उठायें। इस उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है।*

————————

महाकुम्भ 2025 दिव्य–भव्य होने के साथ ही डिजिटल भी होने जा रहा है। ऐसे में सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत महाकुम्भ मेले में एडवांस्ड एआई डेटाड्रिवन, डेटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। पेश है एक रिपोर्ट...

*महाकुम्भ के दौरान सुरक्षा से लेकर अन्य इंतजामों के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। महाकुंभ मेला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक–एसएसपी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने और सर्विलांस के लिए एक विशिष्ट टीम का गठन होगा, जो इस सिस्टम को लागू करने, प्रत्येक पुलिसकर्मियों और सुरक्षा स्टाफ को ट्रेंड करने साथ ही विभिन्न प्रकार के रिपोर्ट्स के निर्धारण एवं निर्माण में मददगार साबित होगी। एसएसपी ने बताया कि इस सिस्टम से पुलिस का सर्विलांस और अधिक मजबूत हो जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही मेला संचालन के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जा सकेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

————————

राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने आज पांच दिवसीय मेरठ महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री डॉक्टर सोमेन्द्र तोमर,

भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मेरठ के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किय जायेगे।

——————————

प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री जे. पी. एस. राठौर ने आज अयोध्या में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत चार दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप खो–खो प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में देश के 29 राज्यों से 32 टीमें भाग ले रही हैं।

——————————